# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522–234001 Website- www.datiamedicalcollege.com
E mail Id - datiamedicalcollege@gmail.com & datiamedicalcollege2018@gmail.com
पता – 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड – 475661

क्रमांक –1883 /द.चि.म./2021 दतिया, दिनांक 18/03/2021

### // स्टाफ नर्स भर्ती सूचना–संशोधित //

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ2–06/2018/1–55, भोपाल, दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम, 2018 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग, म.प्र., भोपाल पत्र क्रमांक 688/स्था. अराज/2018, भोपाल, दिनांक 09/08/2018 द्वारा जारी की गई अनुमोदित अनुसूचियों के आधार पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया मे स्टाफ नर्स के रिक्त पदों पर म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु **(शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों से पर्याप्त संख्या के आवेदन प्राप्त न होने की दशा में म.प्र. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था के उत्तीर्ण छात्रों के भी आवेदन स्वीकार किए जाएँगे)** निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. –

1. महिला स्टाफ नर्स के कुल रिक्त पद संख्या :– 215

   (अ) सीधी भर्ती :– महिला स्टाफ नर्स – कुल पद – 172

| क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग(ओपन) | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | महिला | | |
| 1 | अनारक्षित | 39 | 05 | 03 | 47 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 23 | 03 | 02 | 28 |
| 3 | अनुसूचित जन जाति | 29 | 03 | 02 | 34 |
| 4 | अन्य पिछडा वर्ग | 38 | 05 | 03 | 46 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 14 | 02 | 01 | 17 |
| | योग | 143 | 18 | 11 | 172 |

(ब) सीधी भर्ती :–महिला स्टाफ नर्स (संविदा कर्मचारियों हेतु) – कुल पद – 43

| क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग(ओपन) | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | महिला | | |
| 1 | अनारक्षित | 10 | 01 | 01 | 12 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 06 | 01 | — | 07 |
| 3 | अनुसूचित जन जाति | 07 | 01 | 01 | 09 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 09 | 01 | 01 | 11 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 04 | — | — | 04 |
| | योग | 36 | 04 | 03 | 43 |

नोट – 1. क्रमांक एफ7–53–2019–आ.प्र.–1 म.प्र. लोक सेवा अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) नियम 1988 में संशोधन दिनांक 24.12.2019, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन सीधी भर्ती द्वारा महिला स्टाफ नर्स के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है।

2. भूतपूर्व सैनिक महिला उम्मीदवार नही मिलने की दशा में उसी वर्ग की महिला उम्मीदवार से भरी जा सकती है।

3. दिव्यांगों की रिक्तियाँ शारीरिक विकलांगता नि:शक्तजनों के लिए आरक्षित हैं।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–

| | |
|---|---|
| स्टाफ नर्स | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12वीं परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. शासकीय बी. एस. सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौसिल में जीवित पजीयन। |

स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु/शर्तें–

1. शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय की उत्तीर्ण उम्मीदवारो को उनकी शैक्षणिक एवं व्यवहारिक गुणवत्ता एवं शासन द्वारा व्यय संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए स्क्रूटनी में उपयुक्त पाए जाने पर स्टाफ नर्स की नियुक्ति प्रथम 03 माह के लिए निश्चित पारिश्रमिक रूपए 10,000/– प्रतिमाह पर की जावेगी। 03 माह पश्चात् ही चयनित अभ्यार्थियों की परीक्षा आयोजित कराने के आदेश पारित किए जाएँगे एवं इसके पश्चात परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की नियमित स्थापना के पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

| पद का नाम | वेतनमान |
|---|---|
| स्टाफ नर्स | मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार देय वेतन होगा। |

3. वेतनमान एवं अन्य भत्ते :–

महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते और अन्य लाभ मध्यप्रदेश शासन नियमानुसार लागू होंगे।

4. आरक्षण :–

1. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) के लिए आरक्षण प्रावधान नियमानुसार लागू होंगे।
3. उक्त पदों हेतु जातिगत आरक्षण केवल ऐसे अभ्यर्थियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया हो।
4. सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनांक 19.01.2015 के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवारों हेतु क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।
5. दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को मेडीकल बोर्ड, जबलपुर द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जिसमें विकलांग प्रतिशत स्पष्ट दर्शाया गया हो, प्रस्तुत करना होगा।

| | |
|---|---|
| अस्थि बाधित | अस्थि बाधित (45% to 50%) शरीर के निचले हिस्से की विकलांगता मान्य है। |

6. उक्त पदो में संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. सी 5–2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 के अनुसार रहेगा।
7. उक्त पदो में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ–9–3/2012/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 22 सितम्बर 2012 के अनुसार रहेगा।
8. उक्त पदो पर आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ 7–11/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 02 जुलाई 2019 के अनुसार रहेगा। आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा।

5. आवेदन शुल्क :–

अनारक्षित वर्ग हेतु 400/– (चार सौ रूपए), आरक्षित/अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) एवं निशक्तजन उम्मीदवारों से 200/– (दो सौ रूपए) निर्धारित किए जाते हैं। उक्त आवेदन शुल्क के अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क 170+18% GST (अतिरिक्त) देना होगा।

6. आयुसीमा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित वर्ग हेतु | – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष |
| 2. | अनुसूचित जाति/जनजाति /अन्य पिछडा वर्ग/शासकीय /निगम/मण्डल स्वशासी संस्था के कर्मचारियों /नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओ (अनारक्षित/आरक्षित) आदि हेतु | – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) |

नोट – आयु की गणना 01 जनवरी 2021 के आधार पर की जावेगी।

7 सामान्य शर्ते :-

1. उम्मीदवार को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा आवश्यकतानुसार उक्त पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
3. महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिए अर्हताधारी हो, सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिए स्वतंत्र होगा और ऐसे आवेदन के लिए उसे नियोक्ता से अनापत्ति नहीं लेना होगी।
4. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक एफ2-20/2020/1/55 भोपाल, दिनांक 17.11.2020 के अनुसार म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जावेगा।
5. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय/अर्धशासकीय/सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत हैं एवं विज्ञापित पदो हेतु न्यूनतम अहर्ता एवं आयु सीमा संबंधी सभी मापदण्डों को पूर्ण करते हो उन्हें दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें म.प्र. शासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र की एक प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान जमा करनी होगी।
7. उम्मीदवारो को पूर्ण रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एवं ज्वॉईनिंग के समय मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
8. अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध मे महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नही होगी।
9. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
10. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद होने पर माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर के निर्णय अनुसार मान्य होगा।
11. वैवाहिक स्थिति – एक से अधिक विवाह किए गए उम्मीदवार पात्र नही होंगे अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
12. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र मे दर्शाई अनुसार बंधनकारी होगी।
13. स्टाफ नर्स के पद हेतु आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।

7. **सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र :-**

स्टाफ नर्स को न्यूनतम 03 वर्ष की सेवाएँ देने हेतु सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र निष्पादित करना होगा। सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र में निहित शर्तों का पालन न करने पर उसे 01 वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि इस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया को चुकानी होगी। यह देय राशि संबंधित से भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

8. अनर्हताएँ :-

निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिए उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उन्हें या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा :-

1. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हों जिनमें फेरबदल किया गया हो।
2. चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिए गए किसी भी आवेदन/प्रपत्र/ अनुप्रमाणपत्र/ दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या तात्विक जानकारी छिपाई हो।
3. भर्ती के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो।
4. आवेदकों को मध्यप्रदेश (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार नियुक्ति के लिए वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो :-
   अ. महिला उम्मीदवार जिसके एक से अधिक पति जीवित हों। इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसके पहले से ही एक पत्नि जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
   ब. जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं पाए गए।
   स. महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
   द. जिसकी दो से अधिक संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है परंतु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।
5. ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

9. **चयन प्रक्रिया (स्टाफ नर्स का वैटेज निम्नानुसार रहेगा) :-**

• विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 100 अंको में से प्रवीण्य सूची बनाई जावेगी जो की उनके द्वारा प्राप्त अंको के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं प्रवेश दिया जावेगा।

• प्रत्येक श्रेणी हेतु एम.पी.ऑनलाईन द्वारा स्टाफ नर्स की पृथक–पृथक प्रवीण्य सूची तैयार की जावेगी। स्टाफ नर्स की सामान्य प्रवीण्य सूची भी तैयार की जावेगी।

• प्रवीण्य सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते है तो उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जावेगा। अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के ऊपर वरीयता में रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी, जिन्होंने आवेदन किये हुये पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अर्हता में अधिक अंक प्राप्त किये है ऐसी स्थिति में जब उपरोक्त दोनों स्थितियां एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा 12 वीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।

• दस्तावेज सत्यापन के दौरान 12 वीं परीक्षा की अंकसूची में शैक्षणिक योग्यतानुसार भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान नही होने पर अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित किया जावेगा तथा साक्षात्कार की पात्रता नहीं होगी।

• दस्तावेज सत्यापन में त्रुटी पाई जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

• दस्तावेज सत्यापन के समय शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता संबंधित समस्त प्रमाण पत्रों की योग्यता संबंधी समस्त प्रमाण पत्रो की मूल प्रतिया प्रस्तुत करनी होगी।

• भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जावेगा।

| हायर सेकेंडरी ($12^{th}$) प्रतिशत (%x0.2) (Max 20 Marks) | बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षण प्रतिशत (%x0.5) (Max 50 Marks) | एम.एस.सी. (नर्सिंग)= 10 | साक्षात्कार 20 Marks | कुल अंक = 100 |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. आवेदन संबधित समय तालिका :-

| क्र. | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 25/03/2021 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 09/04/2021 |

11. आवेदन कैसे करें :-

- कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानी पूर्वक निर्देशों को पढ लेवें। आप निर्देश पुस्तिका प्रवेश परीक्षा लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं।
- आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाइन www.mponline.govt.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
- आवेदन के साथ दस्तावेजों की निम्नलिखित स्कैन की गई प्रतियाँ उम्मीदवार द्वारा अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

1. जन्मतिथि के समर्थन मे हाईस्कूल परीक्षा मार्कशीट / सर्टिफिकेट / जन्मप्रमाण पत्र।
2. आवेदित पद हेतु निर्धारित अहर्ता के समर्थन में संबधित डिग्री / डिप्लोमा / फायनल ईयर की मार्कशीट।
3. म.प्र. में संबधित काउंसिल से जीवित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट।
4. फोटो पहचान प्रमाण पत्र।
5. उम्मीदवार का नवीन फोटो एवं हस्ताक्षर।
6. 12 वीं कक्षा की अंकसूची।
7. जाति प्रमाण पत्र।
8. प्रत्येक दस्तावेज फोटो एवं हस्ताक्षर सहित 200 के.बी. के आकार से अधिक ना हो।

- **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी :-**

आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाईन www.mponline.govt.in पर दिए गए लिंक पर उपलब्ध है। आवेदन फॉर्म ऑनलाईन म.प्र. के जिला, तहसील एवं ब्लॉक तथा कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एम.पी.ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से भरा जा सकता है। एम.पी.ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिए एम.पी.ऑनलाईन www.mponline.govt.in पर Authorised Kiosk list link देखें। आवेदक इंटरनेट कैफे के माध्यम से या घर बैठे स्वयं भी अपना ऑनलाईन फॉर्म भर सकते हैं।

- **इंटरनेट कैफे या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन फॉर्म भरने की विधि :-**

आवेदक एम.पी.ऑनलाईन www.mponline.govt.in वेबसाईट के माध्यम से होम पेज में नागरिक सेवाएँ ऑप्शन पर क्लिक करें, फिर ड्रॉप डाउन लिस्ट से आवेदन ऑप्शन पर क्लिक करने के पश्चात् शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के लोगो पर क्लिक करने के उपरांत आवेदन में जा कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर एम.पी.ऑनलाईन के कस्टमर केयर नम्बर 0755–6720200, 0755–6720222 एवं ई–मेल आई.डी. helpdesk@mponline.gov.in से सम्पर्क कर सकते हैं।

- आवेदक ऑनलाईन फॉर्म भरने से पहले विज्ञप्ति को एम.पी.ऑनलाईन www.mponline.govt.in के माध्यम से या शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट www.datiamedicalcollege.com दिए गए लिंक से दी गई जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह से पढ लेवें, इसके उपरांत ही ऑनलाईन आवेदन करने के लिए फॉर्म पर क्लिक करें इसके उपरात आवेदक को स्क्रीन पर ऑनलाईन फॉर्म दिखाई देगा। आवेदक को फॉर्म मे मागी गई समस्त जानकारियाँ सही–सही भरना अनिवार्य है। आवेदक को फॉर्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन ब्राउज दिखाई देगा, जिसमें आवेदक अपना नवीन रंगीन फोटो हस्ताक्षर सहित अटैच करना है इस बटन के नीचे आवेदक को फोटो हस्ताक्षर के साथ (प्रारूप हेतु इस लिंक पर क्लिक करें) दिखाई देगी hyperlink को लिंक करने पर हस्ताक्षर सहित फोटो के फॉर्मेट का प्रिंट लेकर उचित स्थान पर फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें। इसके उपरांत उक्त फॉर्मेट को स्कैन कर (जे.पी.जी. 200 के.बी. साईज और न्यूनतम) फॉर्मेट मे ही सेव करें। अब आवेदक ब्राउज बटन पर क्लिक करें इसके उपरात जिस डायरेक्ट्री मे आवेदक ने अपना फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर सेव किया है। उस डायरेक्ट्री से अपना फोटो हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करें।

- आवेदक ऑनलाईन फॉर्म को पूर्ण रूप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह से पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर लें की फॉर्म में जो भी जानकारी भरी गई है वह सही है। यदि फॉर्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर लें इसके उपरांत सबमिट बटन दबायें। इससे आवेदक को एक आवेदन फॉर्म नंबर प्राप्त होगा इसके उपरांत आवेदक शुल्क के भुगतान के लिये Proceed to payment बटन पर क्लिक करेगा तो उसे शुल्क भुगतान हेतु दो ऑप्शन दिखाई देंगे।

  1. क्रेडिट / डेबिट कार्ड 2. इंटरनेट बैंकिंग।

  अ. **क्रेडिट / डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान** – आवेदक किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फॉर्म भर सकता है। ऑनलाईन फॉर्म भरने के उपरांत शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट / डेबिट के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदक द्वारा फॉर्म भरने के उपरांत शुल्क का भुगतान करने के लिये Proceed to payment बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर संबंधित बैंक का पेमेंट गेटवे दिखाई देगा। इसमें क्रेडिट / डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कंफर्म बटन दबाकर शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। आवेदक को शुल्क भुगतान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्राप्त होगी जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधित जानकारी भी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखें।

  ब. **इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान** – आवेदक चाहे तो स्वयं घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फॉर्म भरकर शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा से कर सकता है। इसके लिये आवेदक के पास नेट बैंकिंग सुविधा होना आनिवार्य है। आवेदक ऑनलाईन फॉर्म भरने के उपरांत Proceed to payment बटन दबायेगा यह पर उसे इंटरनेट बैंकिंग आप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आई.डी. पासवर्ड डालकर लॉग–इन होगा। इस प्रक्रिया से आवेदक अपने बैंक अकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलता पूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आवेदक को स्क्रीन पर पावती नंबर और आवेदक का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट आवश्य ले।

- **एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क के माध्यम से आवेदन फॉर्म भरने की विधि** – आवेदक ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भरने के लिये अपने नजदीकी एम.पी. ऑनलाईन के अधीकृत कियोस्क पर जावेगा। कियोस्क संचालक www.mponline.govt.in वेबसाईट ओपन कर अपना यूजर आई.डी. और पासवर्ड डालकर लॉग–इन टाईप में कियोस्क सिलेक्ट कर लॉग इन करेगा। इसके उपरात सिटिजन सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन में सर्वप्रथम फॉर्म भरने संबंधित निर्देश और जानकारियाँ आवेदक को उपलब्ध करायेगा। आवेदक इन्हे सावधानीपूर्वक पढ ले ताकि मांगी गई समस्त जानकारियाँ फॉर्म में सही से भरी जा सके। इसके उपरात आवेदक कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फॉर्म भरवा लें एवं साथ में अपना नवीन रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो अवश्य ले जावें। कियोस्क आवेदक का फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर उचित स्थान पर अटैच करेगा। फॉर्म भरने के उपरांत आवेदक ऑनलाईन फॉर्म में भरी गई समस्त जानकारियाँ सही–सही भरी होने के उपरांत ही कियोस्क संचालक को Proceed to payment बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने को कहें आवेदक कियोस्क संचालक को शुल्क नगद भुगतान करेगा। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कम्प्यूटराईज्ड रसीद आवेदक को प्रदान करेगा। इस रसीद में शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही आवेदक से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को ध्यानपूर्वक पढ लें तथा अपने पास संभालकर रखें।

- जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा। असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में देने पर संबंधित आवेदक की पात्रता निरस्त की जावेगी।

- यदि आवेदक के पास क्रेडिट / डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नही है तो भरे गए फॉर्म का कियोस्क के माध्यम से पे फॉर अनपेड एप्लीकेशन लिंक द्वारा शुल्क का नगद भुगतान कर सकता है। शुल्क का भुगतान प्रत्येक आवेदक को करना अनिवार्य है।

- इसके लिए आवेदक को उपरोक्त बताए गए बिंदु में दर्शाई गई विधि अनुसार फॉर्म भरने के उपरांत आपके नजदीक में स्थापित एम.पी.ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गए फॉर्म का आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा इसके उपरांत कियोस्क संचालक पे फॉर अनपेड एप्लीकेशन में उक्त जानकारी भरकर फॉर्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत **Proceed to payment** बटन दबाकर शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क का भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक आवेदक को कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में शुल्क की जानकारी के साथ आवेदक से संबंधित समस्त जानकारी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखें। ऑनलाईन पेमेंट करने पर यदि पेमेंट रिजेक्ट हो जाता है/पेमेंट रसीद जनरेट नहीं हो रही है तो तत्काल पुनः पेमेंट कर रसीद जनरेट कर सुरक्षित रखें। पेमेंट के अभाव में आवेदन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

13. उपरोक्त तिथियाँ शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट www.datiamedicalcollege.com एवं एम.पी.ऑनलाईन की वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते हुए एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की कोई जबावदारी नही होगी। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नही हकी जावेगी। परतु इसके पश्चात भी यदि अभ्यर्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया, म.प्र.

# आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट साईज
नवीनतम फोटो

नोट :- सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जाए।

1 आवेदित पद का नाम ..................................................

2 आवेदक का पूरा नाम ..................................................
(उपनाम सहित)

3 महिला ..................................................

4 पिता / पति का नाम (उपनाम सहित) ..................................................

5 जन्मतिथि ..................................................

6 आयु दिनांक 01.01.2021 के अनुसार वर्ष .............. माह .............. दिन ..............
(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

7 वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ..................................................
..................................................

8 स्थायी निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ..................................................
..................................................

9 मोबाईल नम्बर .............................. ई-मेल आई.डी. ..............................

10 वर्ग अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग / भूतपूर्व सैनिक / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग .............................. (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

11 विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि – ..................................................

12 शासकीय नर्सिंग स्कूल / महाविद्यालय का नाम..................................................

13 शैक्षणिक योग्यताएँ – (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांग / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14 जीवित बच्चों का विवरण :-

| स.क्र. | नाम | लिंग | जन्मतिथि (सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. अन्य विशेष योग्यता :– ..............................................................................................................

..............................................................................................................

16. सेवारत होने की स्थिति में नियोक्ता का प्रमाण पत्र संलग्न करें। ..............................................

17. निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात् तीसरी संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ–पत्र संलग्न करें।

18. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची ..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

स्थान ..............................................

दिनांक ..............................................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर
पता सहित–

# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522-234001 Website- www.datiamedicalcollege.com
E mail Id - datiamedicalcollege@gmail.com & datiamedicalcollege2018@gmail.com
पता – 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड – 475661

क्रमांक – 1840 /द.चि.म./2021 दतिया, दिनांक 17/03/2021

प्रति,

Chief Operating Officer
M.P. online, 4th Floor
DB city corporate park
Arera hills opp. Zone-1
MP nagar, Bhopal-462011

विषय– स्टाफ नर्स (महिला) के रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के अंतर्गत स्टाफ नर्स (महिला) के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु कार्यकारिणी समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि, भर्ती प्रक्रिया एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से किए जाने का प्रस्ताव पारित है। समिति द्वारा निर्धारित विज्ञप्ति, प्रारूप एवं निर्धारित वेटेज अनुसार एम.पी.ऑनलाईन द्वारा प्रावीण्य सूची तैयार कर दिया जाना प्रस्तावित है।

श्री संजय कुमार शुक्ला, सहायक प्रबंधक, एम.पी. ऑनलाईन से हुई चर्चा एवं दिए गए Online Recruitment Service, Proposal को स्वीकृत कर उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया हेतु एम.पी.ऑनलाईन को स्टाफ नर्स (महिला) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कार्य आदेश प्रेषित किया जाता है।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा आवेदन शुल्क अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 400/– (चार सौ रूपए), आरक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमिलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण संवर्ग) एवं निःशक्तजन उम्मीदवारों के लिए 200/– (दो सौ रूपए) निर्धारित किए गए हैं। उक्त आवेदन शुल्क के अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क 170/–(एक सौ सत्तर रूपए) + जी.एस.टी. शुल्क रहेगा। आवेदकों से प्राप्त आवेदन शुल्क की राशि को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के बैंक खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैंक खाते की जानकारी निम्नानुसार है :–

| No. | Bank and Branch name | A/C holder | A/C number | IFSC code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Punjab National Bank, Gandhi road, Datia | Government Medical College Autonomous Society, Datia | 0638001700062928 | PUNB0063800 |

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया (म.प्र.)

क्रमांक – 1840-46 /द.चि.म./2021 दतिया, दिनांक–17/03/2021

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ हेतु प्रेषित्।

1. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, म.प्र., भोपाल।
2. आयुक्त, ग्वालियर–संभाग, ग्वालियर एवं अध्यक्ष, शा.चि.म. स्वशासी समिति, दतिया।
3. संचालक, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल।
4. कलेक्टर, जिला–दतिया, म.प्र.।
5. श्री संजय कुमार शुक्ला, सहायक प्रबंधक, एम.पी.ऑनलाईन, भोपाल, म.प्र.।
6. श्री शैलेन्द्र दण्डोतिया, सहायक प्रबंधक, एम.पी.ऑनलाईन, भोपाल, म.प्र.।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया (म.प्र.)